>

Title: Need to provide a halt to Mahua-Surat rail service at Mota

Liliya, District Amreli, Gujarat.

श्री वी.के. ठुम्मर (अमरेली) : अध्यक्ष महोदय, महुआ-सूरत रेल सेवा का उद्घाटन 20 अक्टूबर, 2008 को किया गया था तो उस समय लोगों ने इस रेल सेवा को मोटा लिलिया में ठहराव किये जाने हेतु अनुरोध किया था एवं इस संबंध में हमने भी कई बार पत्र भी लिखे। चार माह बीत जाने के बाद भी अभी तक ठहराव नहीं किया गया है जिसके कारण मेरे संसदीय क्षेत्र अमरेली को विशेष फायदा नहीं हो रहा है। साथ ही साथ यहां के लोगों ने इस रेल सेवा को सप्ताह में तीन बार चलाने हेतु अनुरोध किया है एवं सूरत से महुआ के बीच इस रेल सेवा को इस तरह से चलाया जाये जिससे यह रेल सेवा दिन के समय महुआ पहुंचे क्योंकि इस रेल सेवा का महुआ रात्रि में पहुंचने पर लोगों को अपने गांवों में पहुंचने में बहुत दिक्कत होती है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध हे कि महुआ-सूरत रेल सेवा का स्टॉपेज मोटा लिलिया में किया जाये एवं इसके समय में परिवर्तन इस तरह से किया जाये जिससे यह महुआ दिन के समय ही पहुंचे।